तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 37.4° | 24.1° |
| इंदौर | 37.5° | 22.8° |
| जबलपुर | 36.2° | 21.0° |
| ग्वालियर | 36.5° | 18.9° |


# दैनिक नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 118,पृष्ठ 12)
गुरुवार 28 मार्च 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये




**राजधानी...** भाराछासं और युकां के नेता भाजपा में शामिल ...


**खेल...** चेन्नई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सातवें ...


**व्यापार...** बैंक-बीमा से देर से पॉलिसी सरेंडर करने पर मिलेगा ...


**देश-विदेश...** भारत ने निभाया वादा, भूटान को पांच अरब ...


www.naiduniaonline.com

### कमलनाथ के गढ़ में बरसे मुख्यमंत्री

# यह कोई गढ़ नहीं, यहां सब गड़बड़ है, कोई बचा ही नहीं हैः डॉ. यादव

**भोपाल (काप्र)।**

**छिंदवाड़ा से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल भी उनके साथ थे। नामांकन दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि छिंदवाड़ा कोई कांग्रेस का गढ़ नहीं है बल्कि यहां सब गड़बड़ है। कोई बचा ही नहीं है।**

छिंदवाड़ा के दशहरा मैदान में आयोजित चुनावी रैली में डॉ. यादव ने कहा कि वे (कमलनाथ) छिंदवाड़ा में सांसद तो बनते रहे, लेकिन कभी छिंदवाड़ा के बच्चों को सांसद बनने का मौका नहीं मिला। छिंदवाड़ा में जो आए, वह कुंडली मारकर ऐसे बैठ गए कि उठने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जिनमें कोई दम ही नहीं है, वैसे ही बे-दम हैं। वे (कमलनाथ) कहते हैं कि



%हम तो हनुमान भक्त हैं। अगर वह हनुमान भक्त हैं तो जामसांवली के हनुमान जी बुला रहे हैं। एक ईंट ही लगा देते। केंद्र में मंत्री रहे, प्रदेश में मुख्यमंत्री रहे, कौन-सा पद आपको नहीं मिला? आज भी छिंदवाड़ा में केवल भावुकता के आधार पर बेवकूफ बनाने का खेल चल रहा है।

सीएम ने कहा, 40 साल बाद भी रोना पड़े तो डूब मरो। रोकर क्यों वोट मांग रहे हो। जो रोने वाला है, वह रोता ही रहेगा। पहले जनता को बेवकूफ बनाकर मुख्यमंत्री बन गए। आपने क्या दिया है छिंदवाड़ा मॉडल में? हेलीकॉप्टर लेकर आए तो उसे अपने घर में ही उतारोगे। राजा-महाराजा 1947 में चले गए, ये नए राजा-महाराजा आ गए। जनता सब जानती है। जो हवा में उड़ता है, जनता उसको हवा में उड़ाना भी जानती है। इनको जमीन में भी जगह नहीं मिलेगी। ये कहते हैं, समय नहीं मिला। 13 महीने की सरकार उनकी थी और तीन महीने की सरकार हमारी है। तीन महीने की सरकार में हमने हेलीकॉप्टर की सर्विस ली तो उसे घूमने के लिए नहीं। हमने कहा, प्रदेश के अंदर किसी भी गरीब आदमी का बच्चा, मां, बूढ़ा, बुजुर्ग बीमार है। उस हॉस्पिटल में अच्छे इलाज का इंतजाम नहीं है तो उसके लिए कलेक्टर से संपर्क करके डॉक्टर के माध्यम से बड़े से बड़े अस्पताल में ले जाने के लिए एयर एम्बुलेंस के लिए हेलीकॉप्टर हमने अपनी तरफ से की।

डॉ. यादव ने दावा किया कि गौशाला के लिए हमारी सरकार ने निर्णय किया कि कोई गाय सड़क पर तड़पते हुए पड़ी नहीं रहेगी। उसके लिए एंबुलेंस लगाए। जो गौशालाएं चल रही है, उनका अनुदान डबल कर दिया। पहले हम प्रति गाय के रूप में 20 रुपये देते थे। अब हम उसे बढ़ाकर 40 रुपये कर दिए। छिंदवाड़ा में जब मैं उच्च शिक्षा मंत्री बनकर आया था, तो हमने विश्वविद्यालय खोलने का निर्णय किया। इन्होंने (कमलनाथ जी) वोट के लिए घोषणा की थी कि एग्रीकल्चर, हॉर्टीकल्चर कॉलेज बनाएंगे। इन्होंने न कॉलेज एग्रीकल्चर बनाया और न हॉर्टीकल्चर कॉलेज। अगले साल से इसी विश्वविद्यालय में एग्रीकल्चर और हॉर्टिकल्चर की पढ़ाई होगी, परीक्षा भी यहीं (शेष पेज 2 पर)

### अनुराग का केजरीवाल पर तंज, कहा-

# अभी भी नहीं छूट रहा कुर्सी का मोह

**जम्मू (एजेंसी)।**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर बुधवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। अपने दौरे के दौरान ठाकुर ने सर्वप्रथम उधमपुर में आयोजित बाइक रैली में भाग लिया और इसके बाद उधमपुर भाजपा कार्यालय में आयोजित सांगठनिक बैठक में शामिल हुए। वह शाम को आईआईएम-जम्मू और होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम में शामिल हुए। अनुराग ठाकुर ने राजद नेता लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस समय लालू यादव चारा घोटाले में फंसे हुए थे, उस समय राबड़ी देवी उनकी तरफ से घोषणाएं करती थीं, फिर धीरे-धीरे उन्होंने लालू यादव की गद्दी



संभाल ली, अब अरविंद केजरीवाल के मामले में भी यही हो रहा है। जो अरविंद केजरीवाल नैतिकता की बात करते थे, जो कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ अनशन पर बैठते थे, वही आम आदमी पार्टी आज भ्रष्टाचार के दलदल में बुरी तरह फंस गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जेल में रहकर भी केजरीवाल सीएम की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे हैं, उन्होंने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। अनुराग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद वह अपने ही राज्यों की महिलाओं को संरक्षण नहीं दे पाईं, बल्कि उन्होंने भ्रष्टाचारियों और बलात्कारियों को संरक्षण दिया है। उन्होंने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल कहते थे कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ हूं, राजनीति में नहीं आऊंगा। ये वही अरविंद केजरीवाल हैं, जो कांग्रेस के खिलाफ धरने पर बैठते थे। अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में नीचे तक धसी हुई है। इनका उपमुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, सांसद और पार्षद तक जेल में हैं। और अब शराब घोटाले के किंगपिन, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं जेल में (शेष पेज 2 पर)

## भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी की सातवीं लिस्ट

***नईदिल्ली (एजेंसी)।*** *भाजपा ने बुधवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों की सातवीं लिस्ट जारी की। इस सूची के जरिए बीजेपी ने दो उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया। सातवीं लिस्ट में बीजेपी ने महाराष्ट्र के अमरावती से नवनीत राणा को टिकट दिया, जबकि दक्षिण भारत के राज्य कर्नाटक की चित्रदुर्ग सीट से गोविंद करजोल को उम्मीदवार बनाया। महाराष्ट्र के मुंबई में तीन जनवरी 1986 को जन्मीं नवनीत कौर राणा राजनीति में आने से पहले अदाकारा रही हैं। वह कई तेलुगू फिल्मों में काम कर चुकी हैं, जिसके बाद साल 2019 में वह अमरावती से सांसद चुनी गई थीं। वहीं, कर्नाटक के बीजापुर तालुक में 25 जनवरी 1951 को जन्मे गोविंद करजोल दक्षिण भारतीय राज्य के डिप्टी सीएम और कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। वह इसके अलावा मुधोल सीट से विधायक भी रह चुके हैं।*

## खास-खबरें

### उत्तराखंड में मोदी समेत 40 स्टार प्रचारक करेंगे चुनावी सभा

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में 19 अप्रैल को होने वाले 5 लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए बीजेपी ने बुधवार को अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गई है। उत्तराखंड बीजेपी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए प्रांतीय कमेटी के प्रस्ताव पर हाई कमान ने राज्य में 40 स्टार प्रचारकों की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। पीएम मोदी और जेपी नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेता चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्थान का भी नाम सूची में है।

### पांच देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को पेश किए पहचान पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पांच देशों फिलीपींस, उज्बेकिस्तान, बेलारूस, केन्या और जॉर्जिया के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र पेश किये। राष्ट्रपति ने एक समारोह में इन राजदूतों तथा उच्चायुक्तों के परिचय पत्र स्वीकार किये। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले राजनयिकों में फिलीपींस के राजदूत जोसेल फ्रांसिस्को इग्नासियो, उज़्बेकिस्तान के राजदूत सरडोर रुस्तम्बायेव, बेलारूस के राजदूत मिखाइल कास्को, केन्या के उच्चायुक्त पीटर मैना मुनिरी और जॉर्जिया के राजदूत वख्तांग जोशविली शामिल हैं।

# आपस में टकराए इंडिगो और एयर इंडिया के विमान, डीजीसीए ने की कार्रवाई

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता एयरपोर्ट पर बुधवार को इंडिगो और एयर इंडिया के एयरक्राफ्ट के पंख आपस में टकरा गए। इंडिगो की फ्लाइट टैक्सी-वे से गुजर रही थी तभी एयरक्राफ्ट का हिस्सा दूसरे एयर इंडिया के एयर क्राफ्ट से टकरा गया था। हालांकि, सबसे अच्छी बात यह रही कि इस दुर्घटना के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस हादसे के बाद डीजीसीए ने इंडिगो एयरलाइंस के पायलट्स पर एक्शन लिया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने इस दुर्घटना के बाद बताया- कोलकाता



एयरपोर्ट के रनवे पर हमारा एक विमान तमिलनाडु के चेन्नई जाने के लिए क्लियरेंस का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान दूसरी एयरलाइन कंपनी के प्लेन का विंग टिप (पंख का किनारे का हिस्सा) उससे लड़ गया था। एयरक्राफ्ट इसके बाद बे में लौटाया गया और फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल चल रही है। हम नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ सहयोग कर रहे हैं। हमें खेद है कि इस हादसे की वजह से यात्रियों को असुविधा हुई। डीजीसीए (शेष पेज 2 पर)

### केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

# प्रवर्तन निदेशालय से 2 अप्रैल तक मांगा जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

दिल्ली के शराब नीति केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड पर भेजे जाने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें कोई राहत नहीं दी। इस मामले पर अब 3 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी। कोर्ट ने 2 अप्रैल तक ईडी को जवाब दाखिल करने को कहा है। 28 मार्च को केजरीवाल की ईडी कस्टडी खत्म हो रही है। ऐसे में ईडी गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में केजरीवाल को पेश करेगी। वहीं, केजरीवाल को



मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट में केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से - एएसजी एसवी राजू ने करीब डेड़ घंटे अपनी दलीले (शेष पेज 2 पर)

### *घोटाले के पैसों का खुलासा आज कोर्ट में करेंगे*

*दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों से बातचीत की है। उन्होंने कहा कि 28 मार्च को अरविंद केजरीवाल कोर्ट में खुलासा करेंगे कि आखिर क्या है शराब घोटाला और उससे जुड़े पैसे कहां है।। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि ईडी ने बीते 2 साल में इस तथाकथित शराब घोटाले पर ढाई सौ से ज्यादा रेड मारी है। लेकिन उससे जुड़ा एक भी पैसा बरामद नहीं* (शेष पेज 2 पर)

# *होटल जहांनुमा पैलेस के मालिक ने गोली मारकर की आत्महत्या*

***भोपाल (काप्र)।*** *मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में होटल कारोबारी नादिर रशीद (70) ने बुधवार की सुबह अपने घर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र में रहने वाले होटल जहांनुमा पैलेस के मालिक नादिर रशीद ने अपने घर पर खुद को गोली मार ली, जिससे उनकी मौत हो गई। रशीद का नाता भोपाल के नवाब परिवार से भी है। उनके बीमारी ग्रस्त होने के साथ डिप्रेशन में होने की*



*बात सामने आ रही है। होटल कारोबारी रशीद के आत्महत्या की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उनके नाते रिश्तेदार भी उनके आवास पर जमा हो गए हैं। आत्महत्या आखिर क्यों की, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में लगी है।*

### लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज होगी जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना कल यानी गुरूवार को जारी की जायेगी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी चरण में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 सीटों के लिए चुनाव कराया जायेगा।

### इसरो ने हासिल की बड़ी कामयाबी

# पीएसएलवी ने पूरा किया शून्य मलबा मिशन

**चेन्नई (एजेंसी)।**

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने उस समय एक और मील का पत्थर हासिल किया है, जब पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल-3 (पीओईएम-3) ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश करके शून्य कक्षीय मलबा मिशन को पूरा किया।**

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया है कि पीएसएलवी-सी58 /एक्सपीओसैट मिशन ने व्यावहारिक रूप से कक्षा में शून्य मलबा छोड़ा है। उल्लेखनीय है कि पीएसएलवी-सी 58 मिशन को सभी उपग्रहों को उनकी वांछित कक्षाओं में स्थापित करने के प्राथमिक मिशन को पूरा करने के बाद 01 जनवरी, 2024 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया था। पीएसएलवी के पीएसएलवी के टर्मिनल चरण को 3-अक्ष स्थिर मंच, पीओईएम-3 में बदल दिया गया है। इसे 650 किलोमीटर की ऊंचाई से 350 किमी तक डी-ऑर्बिट किया गया था, जिससे इसके शीघ्र पुन: प्रवेश की सुविधा मिली, और किसी भी आकस्मिक ब्रेक-अप जोखिम को कम करने के लिए अवशिष्ट प्रणोदकों को हटाने के लिए निष्क्रिय किया (शेष पेज 2 पर)

# बीजापुर में मुठभेड़ में नक्सली डिप्टी कमांडर समेत 6 ढेर

**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के चिपुरभट्टी-पुसबाका के पास वन क्षेत्र में बुधवार की सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में पुलिस ने एक नक्सली डिप्टी कमांडर समेत छह नक्सलियों को मार गिराया हैं। वहीं घटना स्थल से नक्सलियों के शव समेत हथियार बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में एक महिला नक्सली भी शामिल हैं। मामला बासागुड़ा थाना क्षेत्र का है। होली के दिन बासागुड़ा पुसबाका मार्ग पर तीन ग्रामीणों की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या किए जाने के बाद इनपुट के आधार पर डीआरजी, सीआरपीएफ और कोबरा जवानों की संयुक्त पार्टी सर्च अभियान पर निकली हुई थी। इसी बीच बुधवार की सुबह बासागुड़ा थाना क्षेत्र के चिपुरभट्टी से लगे तालपेरु नदी के किनारे पुलिस व नक्सलियों की प्लाटून नम्बर 10 के साथ जबरदस्त मुठभेड़ हो गई।

**स्पेशल खबर** *राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन की सीमा से परे जाकर ...*

# हवाई ताकत दिखाई जा सकती हैः वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने बुधवार को कहा कि बालाकोट जैसे अभियानों ने साफ कर दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन की सीमा से परे जाकर हवाई ताकत दिखाई जा सकती है।**

भविष्य के संघर्षों में हवाई शक्ति विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि जैसे-



जैसे देश तेजी से अंतरिक्ष-आधारित संसाधनों पर निर्भर हो रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और शस्त्रीकरण अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि मानव इतिहास में, आकाश को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है, जहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि फिर भी, इस शांति के नीचे प्रतिस्पर्धा से भरा एक क्षेत्र है जहां हवाई श्रेष्ठता के लिए प्रतिस्पर्धा ने कई देशों की नियति को आकार दिया है और कई युद्धों के नतीजे तय किए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम इन अज्ञात आसमानों में यात्रा कर रहे हैं, वायु शक्ति राष्ट्रीय शक्ति का एक प्रमुख घटक होने के नाते निस्संदेह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और राष्ट्रीय शक्ति के प्रतीक, शांति और सहयोग के लिए एक उपकरण के रूप में भी काम करेगी। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि हम सभी को मानना होगा कि भविष्य की जंग अलग-अलग तरीके (शेष पेज 2 पर)

# अभद्र टिप्पणियों पर घोष, श्रीनेत को आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप घोष और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को क्रमशः मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री तथा मंडी निर्वाचन क्षेत्र (हिमाचल प्रदेश) से भाजपा की प्रत्याशी कंगना रणौत के विरुद्ध उनकी विवादास्पद टिप्पणियों के लिये कारण बताओ नोटिस भेजे हैं।इन दोनों नेताओं की हाल की टिप्पणियों के खिलाफ आयोग को शिकायतें मिली हैं और उन पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है। आयोग ने श्री घोष और सुश्री श्रीनेत को 29 मार्च शाम पांच बजे तक नोटिस का जवाब देने का समय दिया है। सुश्री बनर्जी के खिलाफ भाजपा नेता श्री घोष द्वारा की गयी कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने 26 मार्च को आयोग में शिकायत दर्ज करायी। शिकायत में श्री घोष की उस टिप्पणी का उल्लेख किया गया है।